# नारी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में श्रावस्ती पुलिस का सशक्त अभियान, मिशन शक्ति फेज–5 के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## रोहित संवाद न्यूज

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक 'श्री राहुल भाटी' के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक 'श्री चंद्रकेश सिंह' एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में 'मिशन शक्ति फेजदृ5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शक्ति मोबाइल टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें 'ष्शक्ति दीदीष' के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फर्जी वेबसाइट एवं संदिग्ध लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी गई। साथ ही ओटीपी, बैंकिंग विवरण एवं अन्य गोपनीय जानकारियां किसी से साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा किसी भी साइबर आपात स्थिति में तत्काल 'साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930' पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा संबंधी सेवाओं तथा 'न्ब्ब्ज ऐप' एवं 'ब्ब्जछै प्रणाली' के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर स्थापित 'मिशन शक्ति केंद्र' एवं 'साइबर हेल्प डेस्क' के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता संबंधी सामग्री वितरित की गई, जिससे आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्राप्त हो सके। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने जागरूकता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।